# लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ

दिनांक : 10.04.2014

समय व दिन : अपरान्ह् 05:00 बजे – बृहस्पतिवार

स्थान : समिति कक्ष, प्रशासनिक भवन (कुलसचिव कार्यालय )

दिनांक : 10.04.2014 अपरान्ह् 05:00 बजे – बृहस्पतिवार समिति कक्ष, प्रशासनिक भवन (कुलसचिव कार्यालय ) में सम्पन्न हुई कार्य परिषद् की बैठक का कार्यवृत्त।

बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित थे:–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो0 एस0बी0 निमसे | – अध्यक्ष |
| 2. | प्रो0 ए0के0 सेन गुप्ता | – सदस्य |
| 3. | प्रो0 निरूपमा अग्रवाल | – सदस्य |
| 4. | प्रो0 निधि बाला | – सदस्य |
| 5. | डॉ0 अशोक कुमार सोनकर | – सदस्य |
| 6. | डॉ0 महेन्द्र कुमार | – सदस्य |
| 7. | डॉ0 अनिल कुमार | – सदस्य |
| 8. | डॉ0 सारनाथ सिंह | – सदस्य |
| 9. | प्रो0 यू0सी0 वशिष्ट | – सदस्य |
| 10. | प्रो0 डी0पी0 तिवारी | – सदस्य |
| 11. | डॉ0 गीता अस्थाना | – सदस्य |
| 12. | डॉ0 देश दीपक | – सदस्य |
| 13. | डॉ0 बबिता जयसवाल | – सदस्य |
| 14. | डॉ0 शशि लता सिंह | – सदस्य |
| 15. | डॉ0 एस0पी0 सिंह | – सदस्य |
| 16. | श्री अनिल कुमार सिंह | – सदस्य |
| 17. | डॉ0 सूर्य कान्त | – सदस्य |
| 18. | श्री सुरेश चन्द्र तिवारी | – सदस्य |
| 19. | श्री देवी प्रसाद चौधरी | – सदस्य |
| 20. | सुश्री परवीन तल्हा, आई0आर0एस0(सेवानिवृत्त) | – सदस्य |
| 21. | श्री रमेश चन्द्र त्रिपाठी, आई0ए0एस0(सेवानिवृत्त) | – सदस्य |
| 22. | कै0 अमिताभ प्रकाश, पी0सी0एस0 | – सचिव |

बैठक में प्रो0 ए0 चटर्जी (वित्त अधिकारी) भी उपस्थित थे।

Scanned by CamScanner

कार्य परिषद की बैठक आरम्भ करते हुये सर्वप्रथम अध्यक्ष महोदय द्वारा समस्त माननीय सदस्यों का स्वागत किया गया। तत्पश्चात् अध्यक्ष महोदय ने कार्य परिषद में अपना कार्यकाल पूरा करने वाले सदस्य डॉ0 आनन्द कुमार विश्वकर्मा, प्रवक्ता, विधि विभाग के योगदान तथा सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापन किया और परिषद की नवागत सदस्या – डॉ0 शशी लता सिंह, प्रवक्ता, अर्थशास्त्र विभाग का बैठक में स्वागत किया तथा उनके सकारात्मक सहयोग की अपेक्षा की।

अध्यक्ष महोदय की अनुमति से सचिव/कुलसचिव द्वारा बैठक की मदवार कार्यवाही आरम्भ करते हुये अध्यक्ष महोदय ने दिनाँक 28.03.2014 की बैठक की कृत कार्यवाही से परिषद के समस्त सदस्यों को अवगत कराया तथा दिनाँक 28.03.2014 की बैठक के कार्यवृत्त की सम्पुष्टि की गयी।

**मद संख्या 01:** सहयुक्तता के प्रकरणों को अध्यक्ष महोदय की अनुमति से सचिव/कुलसचिव महोदय द्वारा मदवार कार्य सूची के निम्नवत् क्रम में रखा गया।

**मद संख्या 01(क):** निरीक्षण मण्डल की आख्या/संस्तुति के आधार पर परिषद द्वारा स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत भौनवाल स्कूल ऑफ एजूकेशन, नटकुर, लखनऊ को बी0एड0 पाठ्यक्रम की सत्र 2014–15 से स्थायी सहयुक्तता प्रदान किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया साथ ही महाविद्यालय को निर्देशित किया जाय कि कॉलेज में बी0एड0 पाठ्यक्रम में नियुक्त समस्त शिक्षक/शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के वेतन सम्बन्धी प्रमाण पत्र विश्वविद्यालय को उपलब्ध करा दिया जाय।

**मद संख्या 01(ख):** परिषद द्वारा स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत लाला महादेव प्रसाद वर्मा बालिका महाविद्यालय, गोसाईगंज में बी0कॉम0 पाठ्यक्रम की सत्र 2014–15 से अस्थायी सहयुक्तता प्रदान किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

**मद संख्या 01(ग):** परिषद द्वारा स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत जी0आई0एच0एस0 महाविद्यालय, फैजाबाद रोड में पूर्व संचालित बी0बी0ए0 एवं बी0सी0ए0 पाठ्यक्रमों की सत्र 2014–15 से स्थायी सहयुक्तता प्रदान किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया तथा यह निर्णय लिया गया कि महाविद्यालय में यदि खेल का मैदान है तो उसकी स्पष्ट आख्या विश्वविद्यालय को उपलब्ध करा दे तथा दोनों पाठ्यक्रमों में कार्यरत शिक्षकों को बैंक के माध्यम से दिया जाने वाला वेतन भुगतान सम्बन्धित प्रमाण पत्र भी विश्वविद्यालय को उपलब्ध करा दें।

**मद संख्या 01(घ):** परिषद द्वारा स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत आई0टी0एम0 कॉलेज ऑफ एजूकेशन, बक्शी का तालाब में बी0बी0ए0 एवं बी0कॉम0 पाठ्यक्रमों की सत्र 2014–15 से स्थायी सहयुक्तता इस शर्त के साथ प्रदान की गयी कि महाविद्यालय में छात्र एवं शिक्षक के अनुपात को सुनिश्चित रखा जाय।



Scanned by CamScanner

**मद संख्या 01(ङ):** परिषद द्वारा स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत बलराम कृष्ण एकेडमी, मोहनलालगंज को बी0एड0 पाठ्यक्रम में सत्र 2014–15 के लिये अस्थायी सहयुक्तता प्रदान किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

**मद संख्या 01(च):** परिषद द्वारा स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत रजत कॉलेज ऑफ एजूकेशन एण्ड मैनेजमेन्ट को बी0एड0 पाठ्यक्रम की सत्र 2014–15 के लिये अस्थायी सहयुक्तता प्रदान किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया साथ ही साथ यह निर्णय लिया गया कि महाविद्यालय की भूमि को जिलाधिकारी लखनऊ से सत्यापित करा लिया जाये।

**मद संख्या 01(छ):** विश्वविद्यालय से सहयुक्त 02 महाविद्यालयों यथा कॉलेज ऑफ इनोवेटिव मैनेजमेन्ट एण्ड साइंस, गोमती नगर, लखनऊ में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत संचालित बी0एड0 पाठ्यक्रम तथा लाल बहादुर शास्त्री गर्ल्स कॉलेज ऑफ मैनेजमेन्ट, कुर्सी रोड, लखनऊ में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत संचालित बी0कॉम0 (ऑनर्स) पाठ्यक्रमों में सत्र 2014–15 से विस्तारण प्रदान करने से पूर्व समिति ने यह निर्णय लिया कि भूमि सत्यापन हेतु दो सदस्यीय समिति गठित कर दी जाये। गठित समिति की संस्तुति/आख्या को अगली कार्य परिषद के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत किया जाये।

## अन्य मद

**अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य मद:** कार्य परिषद के माननीय सदस्य प्रो0 यू0सी0 वशिष्ठ द्वारा सदन को अवगत कराया गया कि लखनऊ विश्वविद्यालय से सहयुक्त बी0एड0 महाविद्यालयों में न तो मानकानुसार शिक्षक हैं और न ही शिक्षकों को नियमित वेतन भुगतान हो रहा है। समग्र विचारोपरान्त समिति ने प्रत्येक संकाय के लिये संकायाध्यक्ष की अध्यक्षता में एक समिति का गठन करने का निर्णय लिया गया जिसमें संकायाध्यक्ष के अतिरिक्त संकाय के अन्तर्गत किसी विभाग के एक शिक्षक एवं एक इतर संकाय के किसी विभाग का एक शिक्षक सम्मिलित होंगे जो समय–समय पर महाविद्यालय का औचक निरीक्षण करके अपनी संस्तुति अध्यक्ष कार्य परिषद को प्रस्तुत करेंगी।

(डॉ0 एस0बी0 निमसे)
कुलपति
लखनऊ विश्वविद्यालय
लखनऊ

(कै0 अमिताभ प्रकाश)
कुलसचिव
लखनऊ विश्वविद्यालय
लखनऊ

Scanned by CamScanner